futuretopper.in

Series HMJ/2 **SET-3**

कोड नं.
Code No. **58/2/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

	नोट		NOTE
(I)	कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।	(I)	Please check that this question paper contains **19** printed pages.
(II)	प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।	(II)	Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
(III)	कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।	(III)	Please check that this question paper contains **34** questions.
(IV)	कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।	(IV)	Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.
(V)	इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।	(V)	15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

अर्थशास्त्र (सैद्धान्तिक)

ECONOMICS (Theory)

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 80*

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 80*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं — क और ख । सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

(ii) *प्रश्न संख्या **1** से **10** और **18** से **27** अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । इनका उत्तर **एक शब्द** या **एक वाक्य** में दीजिए ।*

(iii) *प्रश्न संख्या **11** और **12** और **28** और **29** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इनका उत्तर लगभग **60** से **80** शब्दों में दीजिए ।*

(iv) *प्रश्न संख्या **13** से **15** और **30** से **32** भी लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । इनका उत्तर लगभग **80** से **100** शब्दों में दीजिए ।*

(v) *प्रश्न संख्या **16** और **17** और **33** और **34** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है । इनका उत्तर लगभग **100** से **150** शब्दों में दीजिए ।*

(vi) *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए और साथ ही उपर्युक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

(vii) *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । तथापि, एक-एक अंक वाले **दो** प्रश्नों में, तीन-तीन अंकों वाले **दो** प्रश्नों में, चार-चार अंकों वाले **दो** प्रश्नों में और छः-छः अंकों वाले **दो** प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर दीजिए ।*

(viii) *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

खण्ड क
(समष्टि अर्थशास्त्र)

1. रक्षा मदों पर होने वाला सरकारी व्यय, सरकारी बजट का _____ व्यय का एक प्रकार है । (सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

2. उल्लेख कीजिए कि निम्नलिखित कथन सत्य है या असत्य : *1*

"मुद्रास्फीति को कम करने के लिए, केन्द्रीय बैंक को नक़द आरक्षित अनुपात (CRR) को कम करना चाहिए ।"

3. समग्र आपूर्ति से आपका क्या तात्पर्य है ? *1*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

General Instructions :

Read the following instructions very carefully and strictly follow them :

(i) *This question paper comprises two sections – A and B. All questions are* ***compulsory****.*

(ii) *Question numbers* ***1 – 10*** *and* ***18 – 27*** *are very short-answer questions carrying* ***1*** *mark each. They are required to be answered in* ***one word*** *or* ***one sentence*** *each.*

(iii) *Question numbers* ***11 – 12*** *and* ***28 – 29*** *are short-answer questions carrying* ***3*** *marks each. Answers to them should not normally exceed* ***60 – 80*** *words each.*

(iv) *Question numbers* ***13 – 15*** *and* ***30 – 32*** *are also short-answer questions carrying* ***4*** *marks each. Answers to them should not normally exceed* ***80 – 100*** *words each.*

(v) *Question numbers* ***16 – 17*** *and* ***33 – 34*** *are long answer questions carrying* ***6*** *marks each. Answers to them should not normally exceed* ***100 – 150*** *words each.*

(vi) *Answers should be brief and to the point. Also the above word limit be adhered to as far as possible.*

(vii) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in* ***2*** *questions of one mark,* ***2*** *questions of three marks,* ***2*** *questions of four marks and* ***2*** *questions of six marks. Only one of the choices in such questions have to be attempted.*

(viii) *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

SECTION A

(Macro Economics)

1. Government expenditure incurred on defence items is a type of _____ expenditure in the Government Budget.

(Fill in the blank with correct answer) *1*

2. State whether the following statement is true or false : *1*

"To reduce inflation, the Central Bank should reduce Cash Reserve Ratio (CRR)."

3. What do you mean by Aggregate Supply ? *1*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

4. _____ भारत सरकार का एजेंट (प्रतिनिधि) तथा सलाहकार होता है । *1*

(सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)

5. ग़ैर-कर आगम (राजस्व) प्राप्तियों के कोई दो उदाहरण दीजिए । *1*

6. यदि सरकार किसी स्थान पर एक नया अस्पताल स्थापित करती है, तो उस पर किया जाने वाला व्यय सरकारी बजट का _____ व्यय का एक प्रकार है ।

(सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

7. एक गृहस्थ द्वारा क्रय की गई कार एक _____ है । *1*

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) एकल उपयोग पूँजीगत वस्तु

(B) एकल उपयोग उपभोक्ता वस्तु

(C) टिकाऊ उपभोक्ता वस्तु

(D) अर्ध-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तु

अथवा

निम्नलिखित में से कौन-सा सूत्र सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) अवस्फीतिक को दर्शाता है ? *1*

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) $\frac{\text{मौद्रिक GNP}}{\text{वास्तविक GNP}} \times 100$

(B) $\frac{\text{वास्तविक GNP}}{\text{मौद्रिक GNP}} \times 100$

(C) $\frac{\text{वास्तविक GNP}}{\text{मुद्रास्फीति की दर में परिवर्तन}} \times 100$

(D) $\frac{\text{मुद्रास्फीति की दर में परिवर्तन}}{\text{वास्तविक GNP}} \times 100$

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

4. _____ is the agent and adviser to the Government of India. *1*

(Fill in the blank with correct answer)

5. Give any two examples of non-tax revenue receipts. *1*

6. If the Government establishes a new hospital, this expenditure incurred in the Government Budget will be a type of _____ expenditure.

(Fill in the blank with correct answer) *1*

7. A car purchased by a household is a _____ . *1*

(Choose the correct alternative)

(A) single use capital good

(B) single use consumer good

(C) durable consumer good

(D) semi-durable consumer good

OR

GNP deflator is represented by which of the following formulae ? *1*

(Choose the correct alternative)

(A) $\frac{\text{Nominal GNP}}{\text{Real GNP}} \times 100$

(B) $\frac{\text{Real GNP}}{\text{Nominal GNP}} \times 100$

(C) $\frac{\text{Real GNP}}{\text{Change in Rate of Inflation}} \times 100$

(D) $\frac{\text{Change in Rate of Inflation}}{\text{Real GNP}} \times 100$

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

8. मान लीजिए कि एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में, आय की राशि ₹ 500 करोड़ से बढ़ कर ₹ 600 करोड़ हो जाती है । परिणामतः, उपभोग व्यय ₹ 400 करोड़ से बढ़ कर ₹ 500 करोड़ हो जाता है । इस परिस्थिति में सीमांत उपभोग प्रवृत्ति का मान _____ होगा । (सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) 0·8

(B) 0·4

(C) 1·0

(D) 0·6

9. 'विदेशों से प्राप्त दान' भुगतान संतुलन खाते के _____ (जमा/नामे) पक्ष में दर्ज किया जाएगा । (सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

10. यदि किसी अर्थव्यवस्था की सम्पूर्ण अतिरिक्त आय का उपभोग किया जाता है, तो निवेश गुणक का मूल्य _____ होगा । (सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) शून्य (0)

(B) अपरिभाषित (∞)

(C) एक (1)

(D) दस (10)

11. "सकल घरेलू उत्पाद (GDP) किसी देश की अर्थव्यवस्था के आर्थिक कल्याण का सर्वोत्तम सूचक नहीं है ।" दिए गए कथन का मान्य कारणों सहित समर्थन अथवा खंडन कीजिए । *3*

12. यदि एक अर्थव्यवस्था में :

सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = 0·8

प्रारंभिक निवेश में परिवर्तन (ΔI) = ₹ 4,000 करोड़ हो

निम्नलिखित के मूल्य ज्ञात कीजिए : *3*

(a) निवेश गुणक (K)

(b) अंतिम आय में परिवर्तन (ΔY)

अथवा

यदि समग्र आपूर्ति (AS) की तुलना में समग्र माँग (AD) अधिक हो, तो उस परिस्थिति में समायोजन तंत्र की कार्यप्रणाली की चर्चा कीजिए । *3*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

8. Suppose in a hypothetical economy, the income rises from ₹ 500 crores to ₹ 600 crores. As a result, the consumption expenditure rises from ₹ 400 crores to ₹ 500 crores. Marginal propensity to consume in such a case would be _____ . (Choose the correct alternative) *1*

(A) 0·8

(B) 0·4

(C) 1·0

(D) 0·6

9. 'Charity from Abroad' will be recorded on _____ (credit/debit) side of the Balance of Payment accounts.

(Fill in the blank with correct answer) *1*

10. If the entire additional income of an economy is consumed, the value of investment multiplier will be _____ . (Choose the correct alternative) *1*

(A) zero (0)

(B) not defined (∞)

(C) one (1)

(D) ten (10)

11. "Gross Domestic Product (GDP) is not the best indicator of the economic welfare of a country." Defend or refute the given statement with valid reasons. *3*

12. If in an economy :

Marginal Propensity to Consume (MPC) = 0·8

Change in initial investment (ΔI) = ₹ 4,000 crores *3*

Find the value of the following :

(a) Investment multiplier (K)

(b) Change in final income (ΔY)

OR

Discuss the working of the adjustment mechanism if, Aggregate Demand (AD) is greater than Aggregate Supply (AS). *3*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

13. "एक देश के सरकारी बजट में राजस्व घाटे के अस्तित्व के बिना राजकोषीय घाटा नहीं हो सकता ।" दिए गए कथन का समर्थन अथवा खंडन कीजिए । *4*

14. "पिछले एक माह में अमेरिकी डॉलर (US $) में 0·75 पैसे प्रति डॉलर (p/$) की उछाल दर्ज हुई है; यह परिस्थिति अलग-अलग प्रकार के व्यापारियों (निर्यातकों तथा आयातकों) के लिए मुस्कुराहट या उदासी ला सकती है ।" दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए । *4*

15. केन्द्रीय बैंक किस प्रकार रेपो रेट की सहायता से साख नियंत्रित करता है ? व्याख्या कीजिए । *4*

अथवा

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा, साख नियंत्रण में रखने के लिए उपयोग किए जाने वाले किन्हीं दो साधनों की विस्तार से विवेचना कीजिए । *4*

16. एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था के निम्नलिखित आँकड़ों के उपयोग से, दिए गए वर्षों के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की गणना व तुलना कीजिए : *6*

वर्ष	2015 – 16	2016 – 17
मौद्रिक GDP दर	8%	9%
GDP अवस्फीतिक	160	150

अथवा

(a) "एक दो-क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में आय का वर्तुल प्रवाह इस स्वयंसिद्ध (axiom) पर आधारित है कि किसी एक का व्यय दूसरे की आय होती है ।" मान्य तर्कों सहित अपने उत्तर का समर्थन कीजिए ।

(b) 'उत्पादन के मूल्य' तथा 'मूल्य वृद्धि' में अंतर स्पष्ट कीजिए । *4+2*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

13. "The Government Budget of a country cannot have fiscal deficit without the existence of revenue deficit." Defend or refute the given statement. *4*

14. "US dollar has recorded a jump of 0·75 paise per dollar (p/$) in the last one month; this situation might bring smiles and sorrows to different types of traders (exporters and importers)." Justify the given statement. *4*

15. How does the Central Bank control the credit with the help of Repo Rate ? *4*

OR

Elaborate any two instruments of credit control, exercised by the Reserve Bank of India. *4*

16. Using the following data of an imaginary economy, calculate and compare the Real Gross Domestic Product (GDP) for the given years : *6*

Year	2015 – 16	2016 – 17
Nominal GDP Rate	8%	9%
GDP deflator	160	150

OR

(a) "Circular flow of income in a two-sector economy is based on the axiom that one's expenditure is other's income." Support your answer with valid reasons.

(b) Distinguish between 'value of output' and 'value added'. *4+2*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

17. दिए गए चित्र में, 'KT' अंतराल क्या प्रदर्शित करता है ? इस परिस्थिति के समाधान के लिए किन्हीं दो राजकोषीय उपायों का उल्लेख व चर्चा कीजिए । *6*



दृष्टिबाधित छात्रों के लिए :

अवस्फीति अंतराल का क्या अर्थ है ? अवस्फीति अंतराल की परिस्थिति के समाधान के लिए किन्हीं दो राजकोषीय उपायों का उल्लेख व चर्चा कीजिए । *6*

खण्ड ख
(भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास)

18. _____ ऊर्जा के व्यावसायिक स्रोत का एक उदाहरण है । *1*
(सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) जलाऊ लकड़ी

(B) कोयला

(C) कृषि का कूड़ा-कचरा

(D) सूखी गोबर के उपले

19. भारत की प्रथम सात पंचवर्षीय योजनाओं में _____ नीति का अनुगमन घरेलू उद्योगों के संरक्षण के लिए किया गया था । (सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

17. In the given figure, what does the gap 'KT' represent ? State and discuss any two fiscal measures to correct the situation. *6*



For Visually Impaired Candidates :

What is meant by deflationary gap ? State and discuss any two fiscal measures to correct the situation of deflationary gap. *6*

SECTION B
(Indian Economic Development)

18. _____ is an example of a commercial source of energy. *1*

(Choose the correct alternative)

(A) Firewood

(B) Coal

(C) Agricultural waste

(D) Dried dung cakes

19. _____ policy was implemented in the first seven five-year plans of India, to protect domestic industries. *1*

(Fill in the blank with the correct answer)

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

20. *कॉलम I* में दी गई संस्थाओं के कार्य के साथ मिलान करके *कॉलम II* में दिए गए विकल्पों के सही अनुक्रम की पहचान कीजिए : *1*

	कॉलम I		*कॉलम II*
a.	विश्व व्यापार संगठन (WTO)	(i)	भुगतान संतुलन की समस्या को हल करने के लिए अल्पकालीन ऋण प्रदान करता है ।
b.	भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)	(ii)	एक बहुपक्षीय व्यापार वार्ता निकाय है ।
c.	अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)	(iii)	पुनर्निर्माण और विकास के लिए ऋण देने की सुविधा प्रदान करता है ।
d.	अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD)	(iv)	भारत का केन्द्रीय बैंक है ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) a-(ii), b-(i), c-(iii), d-(iv)
(B) a-(ii), b-(iv), c-(iii), d-(i)
(C) a-(ii), b-(iii), c-(iv), d-(i)
(D) a-(ii), b-(iv), c-(i), d-(iii)

21. माओ ने 'ग्रेट लीप फॉरवर्ड' की शुरुआत वर्ष _____ में की थी । *1*

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) 1951
(B) 1955
(C) 1958
(D) 1962

22. भारत में ग्रामीण वित्तपोषण के लिए शीर्ष संस्था का नाम लिखिए । *1*

23. उल्लेख कीजिए कि निम्नलिखित कथन सत्य है अथवा असत्य : *1*

"भूमि सीमा निर्धारण का अर्थ है किसी व्यक्ति के लिए भूमि-धारण की न्यूनतम सीमा निर्धारित करना है ।"

24. किसी एक महारत्न कम्पनी का नाम लिखिए । *1*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

20. Identify and match the correct sequence of alternatives of organisations given in *Column I* with their respective functions in *Column II :* *1*

	Column I		*Column II*
a.	WTO	(i)	provides short-term loans to solve the Balance of Payments problem.
b.	RBI	(ii)	is a multilateral trade negotiating body.
c.	IMF	(iii)	facilitates lending for reconstruction and development.
d.	IBRD	(iv)	is the Central Bank of India.

Choose the correct alternative from the following :

(A) a-(ii), b-(i), c-(iii), d-(iv)

(B) a-(ii), b-(iv), c-(iii), d-(i)

(C) a-(ii), b-(iii), c-(iv), d-(i)

(D) a-(ii), b-(iv), c-(i), d-(iii)

21. Mao initiated the 'Great Leap Forward' in the year _____ . *1*

(Choose the correct alternative)

(A) 1951

(B) 1955

(C) 1958

(D) 1962

22. Name the apex institution for rural financing in India. *1*

23. State whether the following statement is true or false : *1*

"Land ceiling means fixing the minimum limit of land holding for an individual."

24. Name any one Maharatna company. *1*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

25. वर्ष _____ में भारत सरकार ने 6 से 14 वर्ष के बीच सभी बच्चों के लिए शिक्षा नि:शुल्क तथा अनिवार्य कर दी थी । (सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) 2001
(B) 2009
(C) 2003
(D) 2007

अथवा

निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र को नियंत्रित करता है ? *1*
(सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) ICMR
(B) UGC
(C) AICTE
(D) RBI

26. जैविक खेती के किसी एक लाभ का उल्लेख कीजिए । *1*

27. उल्लेख कीजिए कि निम्नलिखित कथन सत्य है अथवा असत्य : *1*

"पाकिस्तान की तुलना में, भारत में ग़रीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों का अनुपात अधिक है ।"

28. "भारत सरकार ने हाल ही में बढ़ती हुई हानियों के कारण MTNL तथा BSNL के विलय की घोषणा की है ।" भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का औचित्य सिद्ध कीजिए । *3*

29. "भारत में बिजली (शक्ति) क्षेत्र को कई प्रमुख चुनौतियों का सामना करना पड़ता है ।" दिए गए कथन की मान्य तर्कों सहित चर्चा कीजिए । *3*

अथवा

"1964 – 66 के शिक्षा आयोग की सिफ़ारिशों को लागू करने में भारत असफल रहा है ।" दिए गए कथन के समर्थन में मान्य तर्क प्रस्तुत कीजिए । *3*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

25. In the year _____, the Indian Government made education free and compulsory for all children between 6 – 14 years. *1*

(Choose the correct alternative)

(A) 2001

(B) 2009

(C) 2003

(D) 2007

OR

Which one of the following organisations regulates the health sector in India ? (Choose the correct alternative) *1*

(A) ICMR

(B) UGC

(C) AICTE

(D) RBI

26. Mention any one advantage of Organic farming. *1*

27. State whether the following statement is true or false : *1*

"Proportion of people living below poverty line is more in India as compared to Pakistan."

28. "Recently the Government of India has decided to merge MTNL and BSNL on account of rising losses." Justify the steps taken by the Government of India. *3*

29. "Power sector in India has major challenges to face." Discuss the given statement with valid reasons. *3*

OR

"India has failed to implement the recommendations of Education Commission of 1964 – 66." Give valid arguments in support of the given statement. *3*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

30. संक्षेप में चर्चा कीजिए कि, किस प्रकार संस्थागत सुधारों (भूमि सुधारों) ने भारतीय कृषि को बदलने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है । *4*

अथवा

"विदेशी मुद्रा भंडार की बचत व आत्म-निर्भरता के दोहरे उद्देश्यों के साथ भारत में आयात प्रतिबंध लगाए गए थे ।" मान्य तर्कों सहित दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए । *4*

31. स्वतंत्रता की पूर्व-संध्या पर, भारत के विदेशी व्यापार नीति की किन्हीं दो मुख्य विशेषताओं पर टिप्पणी कीजिए । *4*

32. वैध कारणों के साथ, भारत और चीन के दिए गए आँकड़ों की तुलना व विश्लेषण कीजिए : *4*

देश	जनसंख्या की वार्षिक वृद्धि दर (2015)	लिंगानुपात (प्रति हजार पुरुष)
भारत	1·2%	929
चीन	0·5%	941

स्रोत : विश्व विकास संकेतक, 2015

33. निम्नलिखित को परिभाषित कीजिए : *6*

(a) स्वर्णिम क्रांति

(b) पर्यावरण की धारण क्षमता

(c) ग़रीबी रेखा

(d) जीवन-प्रत्याशा

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

30. Discuss briefly, how institutional reforms (land reforms) have played a significant role in transforming Indian agriculture. *4*

OR

"Import restrictions were imposed in India with the dual objective to save foreign exchange reserves and to be self-sufficient." Justify the given statement with valid arguments. *4*

31. Comment upon any two salient features of the foreign trade policy of India, on the eve of Independence. *4*

32. Compare and analyse the given data of India and China with valid reasons : *4*

Country	Annual growth rate of population (2015)	Sex ratio (per thousand males)
India	1·2%	929
China	0·5%	941

Source : World Development Indicators, 2015

33. Define the following : *6*

(a) Golden Revolution

(b) Carrying Capacity of Environment

(c) Poverty Line

(d) Life Expectancy

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

34. (a) भारत में श्रमबल के अनौपचारीकरण पर टिप्पणी कीजिए ।

(b) श्रमिक-जनसंख्या अनुपात की परिभाषा लिखिए । *4+2*

अथवा

भारत में स्वतंत्रता से अब तक कार्यान्वित किए गए ग़रीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के परिणामों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए । *6*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

34. (a) Comment upon the informalisation of labour force in India.

(b) Define the worker-population ratio. *4+2*

OR

Critically examine the results of Poverty Alleviation Programmes implemented in India since independence. *6*

FutureTopper India

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in